**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2054**
**11 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत शहरों की स्थिति**

**†2054. डॉ. नामदेव किरसानः**
**श्री बलवंत बसवंत वानखडेः**
**श्री एंटो एन्टोनीः**
**श्री तनुज पुनियाः**
**डॉ. प्रशांत यादवराव पडोलेः**
**श्री जयन्त बसुमतारीः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2015 से अब तक स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के अंतर्गत प्रस्तावित सभी शहरों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार व्यौरा क्या है;
(ख) अक् तूबर 2025 तक शहर-बार कितनी स्मार्ट सिटी परियोजनाएं अभी भी अधूरी हैं या विलंबित हैं और उन परियोजनाओं पर कितनी धनराशि खर्च होगी तथा उक्त विलंब के क्या कारण हैं;
(ग) एससीएम के अंतर्गत अब कितने शहरों को स्मार्ट सिटी माना गया है तथा यह आकलन करने के लिए इन प्र योजन के लिए उपयोग किए गए मानदण्डों का ब्यौरा क्या है कि चिह्नित शहर निर्धारित मानकों को पूरा करते हैं या नहीं;
(घ) क्या सरकार ने सामान्य शहरों की तुलना में विभिन्न संकेतकों पर स्मार्ट शहरों के प्रदर्शन का विश्लेषण करने के लिए कोई तुलनात्मक मूल्यांकन किया है;
(ङ) यदि हां, तो अवसंरचना के निर्माण के अलावा उक्त परिवर्तन से सामने आए सामाजिक-आर्थिक परिणामों का ब्यौरा क्या है; और
(च) सरकार द्वारा उक्त शहरों में लंबित परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) भारत सरकार ने 25 जून, 2015 को स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) की शुरुआत की थी। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत दो चरणों वाली चयन प्रक्रिया के माध्यम से 100 शहरों का चयन किया गया था। राष्ट्रीय स्तर पर दूसरे चरण के लिए संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा पहले चरण के अनुशंसित शहरों में से, स्मार्ट सिटी

मिशन के अंतर्गत जनवरी 2016 से शुरू होकर जून 2018 तक चली चयन प्रक्रिया के चार दौरों में 100 शहरों का चयन किया गया था। चुनौती के विभिन्न दौरों में चयनित 100 स्मार्ट सिटी का विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ख) स्मार्ट सिटी मिशन के तहत, मिशन की शुरुआत से अब तक 1,64,811 करोड़ रु. की कुल 8064 परियोजनाएँ शुरू की गईं, जिनमें से 1,55,386 करोड़ रु. की 7,741 परियोजनाएँ पूरी की जा चुकी हैं। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा 01.12.2025 को दी गई सूचना के अनुसार, 9,425 करोड़ रु. की कुल 323 परियोजनाएँ चल रही हैं। स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत चल रही परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और शहर-वार विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों में अन्य बातों के साथ-साथ कानूनी मामले, विभिन्न विभागों से मंजूरी प्राप्त करने में देरी, भूमि अधिग्रहण, पहाड़ी क्षेत्रों में निर्माण, छोटे और मझोले शहरों में विक्रेता और संसाधन की उपलब्धता में चुनौतियां, कुछ शहरों में निर्णय लेने की प्रक्रिया का केंद्रीकरण, एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्रों (आईसीसीसी) की पूरी क्षमता का उपयोग, आदि शामिल हैं।

(ग) स्मार्ट सिटी मिशन का उद्देश्य पूरे शहर का विकास करना नहीं था, बल्कि रेट्रोफिटिंग, पुनर्विकास, ग्रीनफील्ड विकास और एक पैन-सिटी पहल के माध्यम से क्षेत्र-आधारित विकास दृष्टिकोण का पालन करना था, जिसमें शहर के बड़े हिस्से को शामिल करते हुए स्मार्ट समाधान लागू किए जाते हैं, ताकि एक अनुकरणीय मॉडल बनाया जा सके। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत विभिन्न शहरों का विकास राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त स्मार्ट सिटी प्रस्तावों (एससीपी) के आधार पर किया जा रहा है, जो विभिन्न क्षेत्रों, जैसे स्मार्ट मोबिलिटी, जल, स्वच्छता, साफ-सफाई (वाश), स्मार्ट गवर्नेंस, स्मार्ट ऊर्जा, पर्यावरण आदि में मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समिति (एचपीएससी) द्वारा अनुमोदित हैं। स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत परियोजनाओं का क्षेत्र-वार विवरण और पूर्णता का प्रतिशत अनुलग्नक-III में दिया गया है।

(घ) और (ङ) 'नीति आयोग' द्वारा 'शहरी परिवर्तन क्षेत्र में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के मूल्यांकन' हेतु एक मध्यावधि मूल्यांकन अध्ययन किया गया था। अध्ययन के एक भाग के रूप में, स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) का मूल्यांकन किया गया और रिपोर्ट फरवरी 2021 में प्रकाशित की गई। हाल ही में, नीति आयोग ने इस मिशन का एक तृतीय-पक्ष मूल्यांकन शुरू किया है।

(च) 31 मार्च, 2025 को स्मार्ट सिटी मिशन के वित्तीय समापन के बाद, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 10 जून, 2025 को परामर्शिका संख्या 27 जारी की है। ये चल रही परियोजनाएँ कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं। विशेष प्रयोजन तंत्रों (एसपीवी) को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है कि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रही सभी परियोजनाएँ दिसंबर, 2025 से पहले निर्धारित समयावधि में पूरी की जाएँ।

*******

**अनुलग्नक- I**

स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत शहरों की स्थिति के संबंध में दिनांक 11 दिसंबर, 2025 को लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 2054 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

चुनौती के विभिन्न दौरों में चयनित 100 स्मार्ट सिटी की सूची

| क्र. सं. | **जनवरी - 16** | क्र. सं. | **मई - 16** | क्र. सं. | **सितम्बर 16** | क्र. सं. | **जून - 17** | क्र. सं. | **जनवरी - 18** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 97 शहरों ने प्रतियोगिता में भागीदारी की | | 23 शहरों ने प्रतियोगिता में भागीदारी की | | 63 शहरों ने प्रतियोगिता में भागीदारी की | | 45 शहरों ने प्रतियोगिता में भागीदारी की | | 15 शहरों ने प्रतियोगिता में भागीदारी की |
| | **दौर 1** | | **फास्ट ट्रैक** | | **दौर 2** | | **दौर 3** | | **दौर 4** |
| **1** | भुवनेश्वर | **1** | लखनऊ | **1** | अमृतसर | **1** | तिरुवनंतपुरम | **1** | सिल्वासा |
| **2** | पुणे | **2** | वारंगल | **2** | कल्याण -डोम्बिवली | **2** | राजकोट | **2** | ईरोड |
| **3** | जयपुर | **3** | धर्मशाला | **3** | उज्जैन | **3** | नया रायपुर | **3** | दीव |
| **4** | सूरत | **4** | चंडीगढ़ | **4** | तिरूपति | **4** | अमरावती | **4** | बिहारशरीफ |
| **5** | कोच्चि | **5** | रायपुर | **5** | नागपुर | **5** | पटना | **5** | बरेली |
| **6** | अहमदाबाद | **6** | एनटी कोलकाता | **6** | मंगलूरू | **6** | करीमनगर | **6** | ईटानगर |
| **7** | जबलपुर | **7** | भागलपुर | **7** | वेल्लोर | **7** | मुज़फ्फरपुर | **7** | मुरादाबाद |
| **8** | विशाखापट्नम | **8** | पणजी | **8** | ठाणे | **8** | पुदुचेरी | **8** | सहारनपुर |
| **9** | सोलापुर | **9** | पोर्ट ब्लेयर | **9** | ग्वालियर | **9** | गांधीनगर | **9** | कवरत्ती |
| **10** | दावनगेरे | **10** | इम्फाल | **10** | आगरा | **10** | श्रीनगर | **10** | शिलांग * |
| **11** | इंदौर | **11** | रांची | **11** | नासिक | **11** | सागर | | |
| **12** | एनडीएमसी | **12** | अगरतला | **12** | राउरकेला | **12** | करनाल | | |
| **13** | कोयंबटूर | **13** | फरीदाबाद | **13** | कानपुर | **13** | सतना | | |
| **14** | काकीनाड़ा | | | **14** | मदुरै | **14** | बेंगलुरू | | |
| **15** | बेलगावी | | | **15** | तुमकुरु | **15** | शिमला | | |
| **16** | उदयपुर | | | **16** | कोटा | **16** | देहरादून | | |
| **17** | गुवाहाटी | | | **17** | तंजावुर | **17** | तिरुपूर | | |
| **18** | चेन्नई | | | **18** | नामची | **18** | पिंपरी चिंचवाड़ | | |
| **19** | लुधियाना | | | **19** | जालंधर | **19** | बिलासपुर | | |
| **20** | भोपाल | | | **20** | शिवमोग्गा | **20** | पासीघाट | | |
| | | | | **21** | सेलम | **21** | जम्मू | | |
| | | | | **22** | अजमेर | **22** | दाहोद | | |
| | | | | **23** | वाराणसी | **23** | तिरूनेलवेली | | |
| | | | | **24** | कोहिमा | **24** | थूथुकुड़ी | | |
| | | | | **25** | हुब्बली-धारवाड़ | **25** | तिरुचिरापल्ली | | |
| | | | | **26** | औरंगाबाद | **26** | झांसी | | |
| | | | | **27** | वडोदरा | **27** | आइज़ोल | | |
| | | | | | | **28** | प्रयागराज | | |
| | | | | | | **29** | अलीगढ़ | | |
| | | | | | | **30** | गैंगटॉक | | |

स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत शहरों की स्थिति के संबंध में दिनांक 11 दिसंबर, 2025 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2054 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रही परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और शहर-वार विवरण

**(राशि करोड़ रुपये में )**

| **राज्य/शहर** | **कुल** | | **पूर्ण हो चुकी** | | **चल रही** | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **परियोजना (संख्या में)** | **राशि (करोड़ रुपये में)** | **परियोजना (संख्या में)** | **राशि (करोड़ रुपये में)** | **परियोजना (संख्या में)** | **राशि (करोड़ रुपये में)** |
| **अंडमान निकोबार द्वीप समूह** | **18** | **511** | **9** | **72** | **9** | **439** |
| पोर्ट ब्लेयर | 18 | 511 | 9 | 72 | 9 | 439 |
| **आंध्र प्रदेश** | **280** | **6589** | **249** | **5739** | **31** | **850** |
| अमरावती | 19 | 903 | 14 | 746 | 5 | 157 |
| काकीनाडा | 92 | 1908 | 80 | 1731 | 12 | 177 |
| तिरुपति | 104 | 2083 | 92 | 1649 | 12 | 433 |
| विशाखापट्नम | 65 | 1695 | 63 | 1613 | 2 | 82 |
| **अरुणाचल प्रदेश** | **75** | **1032** | **63** | **753** | **12** | **279** |
| ईटानगर | 32 | 521 | 25 | 422 | 7 | 99 |
| पासीघाट | 43 | 512 | 38 | 331 | 5 | 180 |
| **असम** | **21** | **755** | **20** | **746** | **1** | **9** |
| गुवाहाटी | 21 | 755 | 20 | 746 | 1 | 9 |
| **बिहार** | **152** | **5243** | **142** | **4907** | **10** | **336** |
| भागलपुर | 27 | 1504 | 26 | 1494 | 1 | 10 |
| बिहारशरीफ | 61 | 1449 | 56 | 1236 | 5 | 213 |
| मुजफ्फरपुर | 30 | 860 | 26 | 748 | 4 | 112 |
| पटना | 34 | 1430 | 34 | 1430 | 0 | 0 |
| **चंडीगढ़** | **97** | **2694** | **97** | **2694** | **0** | **0** |
| चंडीगढ़ | 97 | 2694 | 97 | 2694 | 0 | 0 |
| **छत्तीसगढ** | **520** | **4454** | **503** | **4112** | **17** | **342** |
| अटल नगर | 52 | 944 | 52 | 944 | 0 | 0 |
| बिलासपुर | 126 | 1766 | 115 | 1529 | 11 | 237 |
| रायपुर | 342 | 1745 | 336 | 1639 | 6 | 106 |
| **दादरा और नगर हवेली** | **29** | **853** | **12** | **416** | **17** | **437** |
| सिल्वासा | 29 | 853 | 12 | 416 | 17 | 437 |
| **दमन और दीव** | **52** | **1148** | **43** | **1093** | **9** | **55** |
| दीव | 52 | 1148 | 43 | 1093 | 9 | 55 |
| **दिल्ली** | **127** | **997** | **121** | **884** | **6** | **113** |
| एनडीएमसी | 127 | 997 | 121 | 884 | 6 | 113 |
| **गोवा** | **51** | **1051** | **47** | **1014** | **4** | **37** |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| पणजी | 51 | 1051 | 47 | 1014 | 4 | 37 |
| **गुजरात** | **359** | **11507** | **356** | **11268** | **3** | **239** |
| अहमदाबाद | 70 | 2655 | 69 | 2626 | 1 | 29 |
| दाहोद | 36 | 985 | 36 | 985 | 0 | 0 |
| गांधीनगर | 43 | 1046 | 41 | 836 | 2 | 210 |
| राजकोट | 71 | 2184 | 71 | 2184 | 0 | 0 |
| सूरत | 87 | 2694 | 87 | 2694 | 0 | 0 |
| वडोदरा | 52 | 1943 | 52 | 1943 | 0 | 0 |
| **हरियाणा** | **161** | **2136** | **139** | **1559** | **22** | **577** |
| फरीदाबाद | 44 | 929 | 34 | 758 | 10 | 171 |
| करनाल | 117 | 1207 | 105 | 802 | 12 | 406 |
| **हिमाचल प्रदेश** | **291** | **1552** | **272** | **1294** | **19** | **257** |
| धर्मशाला | 80 | 656 | 64 | 454 | 16 | 202 |
| शिमला | 211 | 896 | 208 | 840 | 3 | 56 |
| **जम्मू और कश्मीर** | **288** | **6604** | **279** | **6365** | **9** | **239** |
| जम्मू | 127 | 2969 | 123 | 2841 | 4 | 128 |
| श्रीनगर | 161 | 3634 | 156 | 3524 | 5 | 111 |
| **झारखंड** | **26** | **1847** | **26** | **1847** | **0** | **0** |
| रांची | 26 | 1847 | 26 | 1847 | 0 | 0 |
| **कर्नाटक** | **917** | **13819** | **899** | **13464** | **18** | **355** |
| बेलगावी | 217 | 2780 | 212 | 2722 | 5 | 58 |
| बेंगलुरु | 57 | 1054 | 56 | 1031 | 1 | 23 |
| दावणगेरे | 128 | 1976 | 127 | 1947 | 1 | 30 |
| हुब्बली-धारवाड़ | 81 | 1950 | 79 | 1835 | 2 | 115 |
| मंगलुरु | 105 | 2580 | 96 | 2450 | 9 | 130 |
| शिवमोग्गा | 112 | 1381 | 112 | 1381 | 0 | 0 |
| तुमकुरु | 217 | 2099 | 217 | 2099 | 0 | 0 |
| **केरल** | **177** | **3003** | **172** | **2905** | **5** | **98** |
| कोच्चि | 98 | 1761 | 96 | 1734 | 2 | 27 |
| तिरुवनंतपुरम | 79 | 1243 | 76 | 1171 | 3 | 72 |
| **लक्षद्वीप** | **12** | **289** | **8** | **11** | **4** | **278** |
| कवरत्ती | 12 | 289 | 8 | 11 | 4 | 278 |
| **मध्य प्रदेश** | **788** | **15129** | **774** | **14567** | **14** | **562** |
| भोपाल | 82 | 2791 | 82 | 2791 | 0 | 0 |
| ग्वालियर | 84 | 1633 | 80 | 1406 | 4 | 227 |
| इंदौर | 231 | 3751 | 231 | 3751 | 0 | 0 |
| जबलपुर | 130 | 2197 | 130 | 2197 | 0 | 0 |
| सागर | 80 | 1782 | 78 | 1607 | 2 | 175 |
| सतना | 86 | 1363 | 81 | 1236 | 5 | 127 |
| उज्जैन | 95 | 1613 | 92 | 1580 | 3 | 33 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **महाराष्ट्र** | **347** | **16980** | **330** | **15505** | **17** | **1476** |
| औरंगाबाद | 47 | 2835 | 45 | 2690 | 2 | 145 |
| कल्याण-डोम्बिवली | 19 | 1245 | 16 | 721 | 3 | 524 |
| नागपुर | 47 | 1768 | 40 | 1588 | 7 | 180 |
| नासिक | 53 | 3197 | 51 | 3012 | 2 | 185 |
| पिंपरी-चिंचवाड | 25 | 1304 | 24 | 1172 | 1 | 132 |
| पुणे | 55 | 3333 | 55 | 3333 | 0 | 0 |
| सोलापुर | 49 | 1587 | 49 | 1587 | 0 | 0 |
| ठाणे | 52 | 1712 | 50 | 1402 | 2 | 310 |
| **मणिपुर** | **27** | **513** | **23** | **346** | **4** | **167** |
| इम्फाल | 27 | 513 | 23 | 346 | 4 | 167 |
| **मेघालय** | **13** | **517** | **10** | **453** | **3** | **64** |
| शिलांग | 13 | 517 | 10 | 453 | 3 | 64 |
| **मिजोरम** | **45** | **508** | **32** | **278** | **13** | **230** |
| आइजोल | 45 | 508 | 32 | 278 | 13 | 230 |
| **नागालैंड** | **40** | **689** | **40** | **689** | **0** | **0** |
| कोहिमा | 40 | 689 | 40 | 689 | 0 | 0 |
| **ओडिशा** | **107** | **3589** | **104** | **3427** | **3** | **162** |
| भुवनेश्वर | 32 | 2072 | 31 | 2057 | 1 | 15 |
| राउरकेला | 75 | 1518 | 73 | 1370 | 2 | 147 |
| **पुदुचेरी** | **80** | **595** | **70** | **328** | **10** | **267** |
| पुदुचेरी | 80 | 595 | 70 | 328 | 10 | 267 |
| **पंजाब** | **204** | **4486** | **189** | **4143** | **15** | **342** |
| अमृतसर | 44 | 1911 | 41 | 1800 | 3 | 111 |
| जालंधर | 78 | 1186 | 74 | 1023 | 4 | 163 |
| लुधियाना | 82 | 1389 | 74 | 1320 | 8 | 68 |
| **राजस्थान** | **579** | **8640** | **575** | **8548** | **4** | **92** |
| अजमेर | 179 | 2224 | 178 | 2209 | 1 | 15 |
| जयपुर | 170 | 2545 | 168 | 2483 | 2 | 63 |
| कोटा | 87 | 2154 | 86 | 2139 | 1 | 15 |
| उदयपुर | 143 | 1717 | 143 | 1717 | 0 | 0 |
| **सिक्किम** | **55** | **1661** | **50** | **1473** | **5** | **189** |
| गैंगटोक | 29 | 744 | 26 | 691 | 3 | 52 |
| नामची | 26 | 917 | 24 | 781 | 2 | 136 |
| **तमिलनाडु** | **729** | **17952** | **726** | **17924** | **3** | **28** |
| चेन्नई | 49 | 1104 | 48 | 1097 | 1 | 7 |
| कोयंबटूर | 72 | 1455 | 72 | 1455 | 0 | 0 |
| इरोड | 55 | 1304 | 55 | 1304 | 0 | 0 |
| मदुरै | 16 | 1900 | 16 | 1900 | 0 | 0 |
| सलेम | 114 | 1861 | 114 | 1861 | 0 | 0 |
| तंजावुर | 103 | 997 | 102 | 989 | 1 | 8 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| थूथुकुड़ी | 75 | 1039 | 75 | 1039 | 0 | 0 |
| तिरुचिरापल्ली | 83 | 1548 | 83 | 1548 | 0 | 0 |
| तिरुनेलवेली | 81 | 1817 | 81 | 1817 | 0 | 0 |
| तिरुप्पुर | 28 | 2833 | 28 | 2833 | 0 | 0 |
| वेल्लोर | 53 | 2096 | 52 | 2083 | 1 | 13 |
| **तेलंगाना** | **168** | **2895** | **140** | **2478** | **28** | **417** |
| ग्रेटर वारंगल | 119 | 1800 | 103 | 1499 | 16 | 302 |
| करीमनगर | 49 | 1095 | 37 | 979 | 12 | 115 |
| **त्रिपुरा** | **77** | **808** | **77** | **808** | **0** | **0** |
| अगरतला | 77 | 808 | 77 | 808 | 0 | 0 |
| **उत्तर प्रदेश** | **893** | **21161** | **887** | **20901** | **6** | **260** |
| आगरा | 62 | 2369 | 62 | 2369 | 0 | 0 |
| अलीगढ़ | 52 | 1830 | 51 | 1731 | 1 | 100 |
| बरेली | 88 | 1476 | 88 | 1476 | 0 | 0 |
| झांसी | 78 | 1868 | 78 | 1868 | 0 | 0 |
| कानपुर | 91 | 3060 | 90 | 3012 | 1 | 48 |
| लखनऊ | 103 | 2126 | 102 | 2115 | 1 | 11 |
| मुरादाबाद | 41 | 1503 | 41 | 1503 | 0 | 0 |
| प्रयागराज | 146 | 2295 | 145 | 2250 | 1 | 45 |
| सहारनपुर | 115 | 1292 | 113 | 1235 | 2 | 57 |
| वाराणसी | 117 | 3342 | 117 | 3342 | 0 | 0 |
| **उत्तराखंड** | **33** | **1144** | **32** | **939** | **1** | **205** |
| देहरादून | 33 | 1144 | 32 | 939 | 1 | 205 |
| **पश्चिम बंगाल** | **226** | **1460** | **225** | **1435** | **1** | **25** |
| न्यू टाउन कोलकाता | 226 | 1460 | 225 | 1435 | 1 | 25 |
| **कुल** | **8064** | **164811** | **7741** | **155386** | **323** | **9425** |

*1 दिसंबर, 2025 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की रिपोर्ट के अनुसार।*

**अनुलग्नक- III**

स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत शहरों की स्थिति के संबंध में दिनांक 11 दिसंबर, 2025 को लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2054 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत परियोजनाओं का क्षेत्र-वार विवरण

| क्र. सं. | क्षेत्र | कुल परियोजनाएँ | | पूर्ण परियोजनाएँ | | चल रही परियोजनाएँ | | पूर्णता का % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | परियोजनाएँ (सं.) | लागत (करोड़ रुपये) | परियोजनाएँ (सं.) | लागत (करोड़ रुपये) | परियोजनाएँ (सं.) | लागत (करोड़ रुपये) | |
| 1 | आईसीसीसी | 100 | 11,775 | 100 | 11,775 | 0 | 0 | 100% |
| 2 | स्मार्ट मोबिलिटी | 1,734 | 41,652 | 1,651 | 38,753 | 83 | 2,899 | 95% |
| 3 | स्मार्ट ऊर्जा | 695 | 14,324 | 685 | 14,006 | 10 | 318 | 99% |
| 4 | वॉश | 1,547 | 49,625 | 1,478 | 47,627 | 69 | 1,998 | 96% |
| 5 | पीपीपी | 197 | 9,277 | 194 | 9,190 | 3 | 87 | 98% |
| 6 | जीवंत सार्वजनिक स्थल | 1,405 | 12,249 | 1,348 | 11,235 | 57 | 1,013 | 96% |
| 7 | आर्थिक इन्फ्रास्ट्रक्चर | 933 | 13,004 | 882 | 11,827 | 51 | 1,177 | 95% |
| 8 | सामाजिक इन्फ्रास्ट्रक्चर | 899 | 13,023 | 874 | 12,558 | 25 | 465 | 97% |
| 9 | स्मार्ट गवर्नेंस | 682 | 17,815 | 661 | 16,762 | 21 | 1,053 | 97% |
| 10 | पर्यावरण | 151 | 2,714 | 148 | 2,452 | 3 | 262 | 98% |

*****